Dainik Bhaskar (Indore), 09th August 2024, Page-06

# आईआईटी और आईआईएम इंदौर के संयुक्त कोर्स की चौथी बैच शुरू

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी और आईआईएम द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे मास्टर इन डाटा साइंस एंड मैनेजमेंट की चौथी बैच की शुरुआत हुई। 80 स्टूडेंट्स की बैच में 30 लड़कियां और 50 लड़के हैं। 74 इंजीनियरिंग बैकग्राउंड से और 6 स्टूडेंट्स नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड से हैं। स्टूडेंट्स कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, दिल्ली और मध्यप्रदेश से हैं। शुभारंभ पर दोनों संस्थाओं के निदेशक प्रो. हिमांशु राय और प्रो. सुहास जोशी उपस्थित रहे। दोनों संस्थाओं के कोर्स कोऑर्डिनेटर प्रो. अमित वत्स और प्रो. पिरामल कर भी मौजूद थे।

प्रो. राय ने इस मौके पर कहा कि आत्म-संदेह को अपने रास्ते में न आने दें। यदि आपके पास कोई दृष्टिकोण है, तो चुनौतियों का सामना करने पर भी पूरे दिल से उसके लिए प्रतिबद्ध रहें। जीवन में हमें अपनी असफलताओं से सीखते हुए उपलब्धियों को स्वीकार करना चाहिए। हर अनुभव, चाहे वह जीत हो या चुनौती, मूल्यवान सबक देता है। उन्होंने प्रत्येक स्थिति को सहानुभूति, साहस और विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ देखने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो. जोशी ने एमएसडीएसएम की सफलता के बारे में बात की।